लखनऊ, विशेष संवाददाता। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि माता प्रसाद पांडेय के अनुभव का लाभ सरकार को भी मिलेगा।

अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि माता प्रसाद पांडेय विधि के निर्माण की प्रक्रिया के ज्ञाता हैं, उसका लाभ सभी को मिलेगा।

**बैठक में अखिलेश ने दिखाए कड़े तेवर:** सपा प्रमुख ने रविवार को सपा विधानमंडल दल की बैठक में बागी विधायकों के बाबत कड़े तेवर दिखाए। कहा कि इन लोगों ने पार्टी को धोखा दिया है। इनकी सदस्यता खत्म कराने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से अपील की जाएगी।

भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सपा पर तीखा प्रहार किया है। आरोपों से क्षुब्ध राजेश्वर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'काठ की हांडी कितनी बार चढ़ेगी..आज वो सुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं, जिनकी सुशासन की क्लास में फीस माफ़ थी! आश्चर्य होता है।'

राजेश्वर ने कहा कि यूपी की जनता नहीं भूली है कि सपा शासन में वोट ... बोनट पर लटकाकर एसएसपी आवास तक ले आए थे।

कुंडा में सीओ जियाउल हक की हत्या कर दी गई थी। मथुरा के जवाहर बाग में एएसपी मुकुल द्विवेदी की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। तब क्या बेबसी थी आपकी?

राजेश्वर ने कहा कि सपा सरकार ने तुष्टीकरण राजनीति की सारी हदें पार ... प्रयास किया। तब क्या मजबूरी थी आपकी? वर्ष 2014 में बदायूं में दो बच्चियों से गैंगरेप कर हत्या में पुलिस ने ऑनर किलिंग के नाम पर परिवार को दोषी बनाया। किसको बचा रही थी आपकी सरकार?

आंकड़े दर आंकड़े पेश कर राजेश्वर ने कहा कि 2004 में कन्नौज लोकसभा चुनाव लड़े वर्तमान सपा






# प्रवेश परीक्षा प

**कलंक के खिलाफ** | 1 |

लखनऊ, विशेष संवाददाता। शासन ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के प्रभारी सचिव एवं राजकीय पॉलीटेक्निक बांदा के प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद पर प्रदेश के राजकीय और निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों की प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी है।

प्रारंभिक जांच में वित्तीय अनियमितता एवं गबन के आरोप सही जाने पर संजय कुमार श्रीवास्तव को निलंबित किया गया है। उन्हें संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा झांसी के

# महाकुंभ 2025 मं
# अस्थायी शौचाल

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 12 साल में एक बार होने वाले सनातन धर्म के महाकुंभ पर्व को दिव्य और भव्य बनाने की दिशा में काम और तेज कर दिया गया है। इसे स्वच्छ महाकुंभ का स्वरूप दिया जा रहा है। महाकुंभ के दौरान 10 हजार से अधिक कर्मचारी स्वच्छता की जिम्मेदारी उठाएंगे। पूरे मेला क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख अस्थाई सामुदायिक व शिविर शौचालयों और मूत्रालय बनाए जाएंगे।

**सियासी वार** | **भाजपा के**

# 'विपक्ष बताए

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्यसभा सांसद व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि विपक्ष की राजनीति का केंद्र भ्रम व भय है जबकि हमारा विकास व विश्वास है। वर्ल्ड बैंक के चीफ ने कहा है कि लंबे समय के बाद भारत में स्थिरता और विकास होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई दर पांच फीसदी से नीचे है जो कि रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा तय सीमा के अंदर है। लंबे समय तक सरकार में रहे विरोधी अपने शासनकाल के सिर्फ पांच साल बता दें, जब विकास की दर पांच फीसदी रही है। यूपी में सरकार के अंदर खींचतान की बातों को खारिज किया।







हिन्द इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के सभागार में सोमवार को आयोजित हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर सम्मानित होने के बाद मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों के साथ।

# बाराबंकी के होनहारों का हुआ सम्मान

## हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के समाभार में आयोजन, राज्यमंत्री, एमएलसी, डीएम समेत अन्य शिक्षाविद पहुंचे

Shaadi Presents
हिन्दुस्तान
प्रतिभा सम्मान 2024
हिन्दुस्तान करता है प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान

**बाराबंकी।** यूपी बोर्ड परीक्षा, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं में हमेशा से ही बाराबंकी जिले का दबदबा रहा है। खास कर सबसे बोर्ड परीक्षाओं में कठिन मानी जाने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा में पिछले 16 साल से यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रदेश की टॉप टेन की मेरिट में बाराबंकी का ही दबदबा रहा है। वहीं सीबीएसई व आईसीएसई की परीक्षा में भी छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर रहा। जिले के ऐसे ही होनहारों के लिए आपके अपने हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथियों से सम्मानित छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह दिखा।

**400** से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

हिंदुस्तान द्वारा पिछले कई वर्षो से मेधा का सम्मान किया जा रहा है। सोमवार को हिन्दुस्तान ने वर्ष 2024 की यूपी बोर्ड परीक्षा, सीबीएसई बोर्ड परीक्षा व आईसीएसई बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के समाभार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज के सभागार की झमता करीब पांच सौ सीटों की थी। दोपहर करीब 12 बजे से बच्चों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। करीब आधा घंटे में ही पूरा हाल मेधावी बच्चों से भर गया। समारोह में जिले के मेधावियों को बुलाया गया था। इसमें 89 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावियों को शामिल किया गया था।

**दीप प्रज्जवलन व स्वागत गीत से शुरू हुआ कार्यक्रम:** कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, हिन्द इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइसेंस के डा. आमोद कुमार सचान, शुद्ध दूध (स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड) के देव विक्रम उपाध्याय, श्रेष्ठ उपाध्याय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह में विधानसभा शुरू होने के बावजूद व्यस्त समय के बावजूद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने करीब एक घंटे तक कार्यक्रम में मौजूद रहकर बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने अपने-अपने सम्बोधन में अपने छात्र दिनों का जिक्र करते हुए लक्ष्य साधकर उसे पूरा रहने का मंत्र दिया। समारोह में बीआरजी पब्लिक कालेज बरैया के संजय वर्मा, इन्ट्रीग्रल यूनिवर्सिटी के अभिषेक कुमार, भाजपा नेता जवाहर वर्मा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर जैन ने किया।



**जिज्ञासा** | हिन्द इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में रामसेवक यादव इंटर कालेज के टॉपरों के साथ मुख्य अतिथि।



**शुभारंभ** | हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह में दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते एमएलसी अंगद सिंह व डीएम सत्येन्द्र कुमार के साथ अन्य अतिथि।

**दिखा उत्साह** » **01** सौ से ज्यादा आए अभिभावकों ने की सराहना | **02** दर्जन स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया | **02** घंटे तक चले कार्यक्रम में जानकारी दी गई | **12** वीं के बाद करियर पर सोचकर विचार करें

## टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता : सतीश

छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की कविता की इन पक्तियों से हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद सतीश चन्द्र शर्मा ने मेधावियों में नई ऊर्जा भर दिया। इसके साथ ही यह भी संदेश दिया कि आप लक्ष्य को निर्धारित करके कठिन परिश्रम करते रहें। आपने जो लक्ष्य तय किया है उसे पा सकते हैं यह संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी का जीवनी पढ़ते पढ़ते थक जाते हैं लेकिन उनके प्रसंग समाप्त नहीं होते। क्योंकि उन्होंने बहुत कम आयु में बड़े-बड़े काम किये हैं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके बचपन का घर समुद्र के किनारे था। लहरें अकसर उन्हें तोड़ देती थीं लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। वह मानते थे कि संकट स्थाई नहीं है। आप भी कड़ी मेहनत करें। लक्ष्य निर्धारित करें। परेशानियां आएंगी लेकिन याद रखें वह स्थाई नहीं हैं। अनवरत कठिन परिश्रम से आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

## सपनों को और बड़ा करें : एमएलसी

एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने मेधावियों को संबोधित करते हुए कहा कि सपना देखना है तो वैज्ञानिक स्व. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे देखिए। हिन्दुस्तान समाचार पत्र द्वारा जो प्रतिभा सम्मान का मंच मिला है वह आपके सपनों को और बड़ा करने का है। मानव जीवन मिला है इसे सफल बनाएं। श्री सिंह ने छात्रों से कहा कि इसमें से कोई आईएएस, डॉक्टर तो कोई वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करने का लक्ष्य बनाया होगा। लक्ष्य तय करने के साथ ही सोंच का स्तर भी बड़ा रखना होगा। मेहनत से कभी थकना नहीं, थकान उस दिन स्वयं दूर हो जाएगी जब आपका लक्ष्य पूरा हो जाएगा। कहा कि शादी में 90 साल के बाबा भी अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए दिन रात जागते हैं, क्योंकि उनके सामने शादी का कार्यक्रम पूरा करने का लक्ष्य रहता है। दूसरे दिन सब आराम से सो जाते हैं क्योंकि दूसरे दिन कोई लक्ष्य नहीं बचता। इसलिए हर दिन की योजना बनाएं और उसी पर कार्य करें।

## सफलता के लिए मन लगाकर पढ़ें: राजरानी

जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने भी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं और लक्ष्य पूरा करने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने भी मेधावियों की मेधा का सम्मान किया है। छात्रों को स्मार्टफोन व टैबलेट देकर उन्हें तकनीकि शिक्षा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और जीवन में जो भी बनना है उस लक्ष्य को हासिल करें। कठिन परिश्रम से ही लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हर रोज संघर्ष करने वाले को ही मुकाम हासिल होता है,सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता है।



सोमवार को आयोजित हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित सेठ एमआर जयपुरिया के छात्र-छात्राएं सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बनाया। एक दूसरे से खुशियां साझा कर विद्यार्थी उत्साहित नजर आए।

## सफल आयोजन में दिया महत्वपूर्ण योगदान

मेधा के सम्मान के लिए दैनिक हिन्दुस्तान के आयोजित कार्यक्रम में कई समाज सेवियों, उद्यमियों व स्कूल संचालकों ने बढ़ चढ़ कर योगदान दिया। स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, श्री सांई इंकॉ. बड़ेल, बीआरजी पब्लिक इंकॉ. बरैया सूरतगंज, श्री सांई इंकॉ. शुक्लाई, ग्लोबल एकेडमी इंकॉ., टू पॉवर लिमिटेड, मॉडर्न इंकॉ. जैदपुर, एमडी कालेज, सेंट्रल एकेडमी स्कूल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र व बाल विकास विद्या मंदिर कोठी आदि ने सहयोग दिया। इनके मालिकों व प्रबंधकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज भी दर्ज कराई।

## छात्र गदगद



प्रतिभा सम्मान ने मेधावियों की मेहनत को सराहा है। परीक्षा में जो मेहनत की उसके लिए जो सम्मान इस मंच पर मिला है उससे अभिभावक और हमारे शिक्षकों का भी गौरव बढ़ा है। अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे।
– **नेहा वर्मा,** इंटरमीडिएट सेंट्रल अकेडमी बाराबंकी



सफलता मिलने के बाद जब बड़े मंचों पर सम्मान मिलता है तो आगे इससे बेहतर करने का हौसला बढ़ता है। ऐसा ही कुछ हिन्दुस्तान के प्रतिभा सम्मान समारोह में महसूस हुआ। डीएम द्वारा दिए गए सुझाव अनुकरणीय हैं।
– **साक्षी गुप्ता,** इंटरमीडिएट सेंट्रल अकेडमी बाराबंकी



हाईस्कूल में मिली सफलता के बाद मेरे अभिभावक भी खुश हैं। हिन्दुस्तान द्वारा सम्मान मिलने के बाद उत्साह दो गुना बढ़ गया है। यह उत्साह इंटरमीडिएट की सफलता का आधार बनेगा। इस बार भी खूब मेहनत करूंगी।
– **अंशिका वर्मा,** हाईस्कूल, एमआरएलबी इंका लखपेड़ाबाग



प्रतिभा सम्मान समारोह में कई जानकारियां मिली जो आगे की पढ़ाई के लिए सफलता की कुंजी साबित होगी। मंच पर सम्मान पाकर काफी उत्साहित हूं। अब नई ऊर्जा के साथ आगे की पढ़ाई जारी रखूंगी।
– **अनामिका यादव,** हाईस्कूल एमआरएलबी इंका लखपेड़ाबाग



हिन्दुस्तान समाचार पत्र के प्रतिभा सम्मान में सम्मानित होने की सूचना मिलने पर माता पिता भी उत्साहित थे। सम्मान के साथ डीएम सर द्वारा कही गई एक एक बात हम छात्र छात्राओं के लक्ष्य निर्धारण में सार्थक साबित होगी।
– **प्राप्ती सिंह,** हाईस्कूल, सेंट एंथोनी स्कूल बाराबंकी



ज्ञान और मनोरंजन के साथ सम्मान मिला। भविष्य की योजनाएं कैसे बनाकर उन्हें साकार किया जाए इसके लिए बुद्धिजीवियों ने अपने अनुभव साझा किए। सम्मान से और बेहतर करने का जज्बा जागा है।
– **अंशिका विश्वकर्मा,** इंटर,जगन्नाथ प्रसाद इंका सफदरगंज



किसी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मेहनत करने के साथ ही अगर मनोबल बढाए जो सफलता पाने का ललक जुनून में बदल जाती है। हिन्दुस्तान द्वारा इतने बड़े मंच पर सम्मानित कर हम लोगों में जुनून पैदा करने का काम किया है।
– **प्रियांशी वर्मा,** इंटर,जगन्नाथ प्रसाद इंटर कॉलेज सफदरगंज



किसी भी छात्र छात्रा के लिए मेडल और सर्टिफिकेट के साथ साथ उसके सम्मान में बजने वाली तालियां गौरांवित करती हैं। हिन्दुस्तान के इस मंच ने वह सब कुछ करके दिखा दिया। मेरा पूरा परिवार उत्साहित है।
– **मो. यूसुफ,** हाईस्कूल-सेंट एंथोनी स्कूल, बाराबंकी



हिन्दुस्तान समाचार पत्र सामाजिक सरोकार से जुड़ी खबरों के साथ साथ मेधावियों के सम्मान के लिए जो कार्यक्रम आयोजित किया उससे छात्रों का काफी मनोबल बढ़ा है। एमएलसी व डीएम सर से मिले सम्मान से प्रभावित हुआ हूं।
– **रौनक वर्मा,** इंटरमीडिएट,श्रीसांई इंटर कॉलेज बड़ेल



कंप्टीशन के दौर में सफलता निरंतर प्रयास और कड़ी मेहनत से मिलती है। हिन्दुस्तान सम्मान में अतिथियों के सम्मानित करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण जानकारी दीं। आगे की शिक्षा को लेकर मिले सुझाव महत्वपूर्ण हैं।
– **प्रशस्ति जायसवाल,** हाईस्कूल, सेठ एमआर जयपुरिया

## उद्बोधन



प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा।



हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते एमएलसी अंगद सिंह।



समारोह को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने संबोधित किया।



कार्यक्रम में मेधावियों को संबोधित करते डीएम सत्येंद्र कुमार।



समारोह को सम्बोधित करते हिन्द चेयरपर्सन आमोद कुमान सचान।

> जो बच्चे सफल हुए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। वह बच्चे जो असफल हो जाते हैं, उनके लिए बात करने की जरूरत है। वह छात्र स्वयं ही उसके कारण हैं। वह असफल क्यों हुए उसके कारणों को खोजें फिर उन्हें दूर करें।
>
> **डॉ. आमोद कुमार सचान,**
> हिन्द मेडिकल कॉलेज के चेयरपर्सन

## रजिस्ट्रेशन कराया

**बाराबंकी।** प्रतिभाग सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को सभागार में उचित स्थान व प्रशस्ति पत्र दिया जा सके इसके लिए सभागार के बाहर ही काउंटर बनाया गया था। विभिन्न स्कूलों से बुलाए गए मेधावियों की सूची कालेजों से पहले ही मंगा ली गई थी। सभागार हॉल में प्रवेश से पहले बाहर ही काउंटर पर कार्यक्रम में आने वाले बच्चों को सूची के अनुसार पंजीकरण कराया गया। इसके बाद उन्हें हॉल में प्रवेश दिया गया।

## इन विद्यालयों के विद्यार्थी सम्मानित

**बाराबंकी।** समारोह में श्री सांई इंटर कालेज बड़ेल व लखपेड़ाबाग, बीआरजी पब्लिक इंकॉ. बरैया सूरतगंज, आनंद भवन स्कूल, सेंट एंथोनी इंटर कालेज, महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंकॉ., रामसेवक यादव मेमोरियल इंकॉ. बड़ेल, सेठ एमआर जयपुरिया कालेज, आवासीय शिवराम सिंह इंकॉ. पल्हरी, आनंद विहार इंकॉ. लखपेड़ाबाग, पायनियर इंकॉ. लखपेड़ाबाग, यंग स्ट्रीम इंकॉ. कमरिया बाग, वारिस चिल्ड्रेन एकेडमी सत्यप्रेमी नगर, किंग जार्ज इंकॉ. कमरियाबाग, बाबा गुरुकुल एकेडमी गोंडा रोड, लखनऊ पब्लिक स्कूल, मॉर्डन इंकॉ., ग्लोबल एकेडमी, श्री सांई इंकॉ. शुक्लई व जैदपुर, एकेडमिक गुरू व रॉयल ब्लू पब्लिक स्कूल गोंडा रोड आदि के करीब चार सौ मेधावी सम्मानित हुए।

## उल्लास



हिन्द इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के सभागार में सोमवार को आयोजित हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह में आए छात्र-छात्राएं रजिस्ट्रेशन कराते हुए।



हिन्द इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के सभागार में आयोजित समारोह में शुद्ध दूध (स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट्स प्रा. लि) के डायरेक्टर को सम्मानित करते राज्यमंत्री।

## मेधावियों में चरम पर दिखा उत्साह

**बाराबंकी।** प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने आए मेधावियों में उत्साह चरम पर था। सबसे पहले मंच पर यंग स्ट्रीम इंटर कालेज व श्री सांई इंटर कालेज फिर अन्य स्कूलों के बच्चों को बुलाया गया। इनको राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद सतीश चंद्र शर्मा,एमएलसी अंगद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत व डीएम सत्येंद्र कुमार व हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के चेयरमैच डॉ. आमोद सचान ने अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों के ग्रुप फोटो भी लिये गए।

**सम्मान** | शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों से आए मेधावियों में प्रमाणपत्र पाने को लेकर ललक रही, मंच पर बुलाने का इंतजार नजर आया

# जीवन में आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका शिक्षा:डीएम

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान के मंच से प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में सफलता हासिल की है, उसी तरह मन लगाकर पढ़ाई करें। जीवन में आगे बढ़ने का एक मात्र तरीका शिक्षा ही है। हिन्दुस्तान द्वारा जो कार्यक्रम किया गया, वह छात्रों को प्रेरित करने के साथ ही उनका मनोबल बढ़ाने का बेहतर माध्यम है। सफलता कड़ी मेहनत से ही मिलती है, इसका कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

जनप्रतिनिधि हों या अधिकारी जैसे दिन का शेड्यूल बनाकर कार्य करते हैं, ठीक उसी प्रकार छात्रों को भी पढ़ाई का शेड्यूल बनाना चाहिए। पढ़ाई में ध्यान लगाएं रखें, मोबाइल और टीवी से बचें। डीएम सत्येंद्र कुमार ने अपने पढ़ाई के समय का वाक्या बच्चों से साझा किया। बताया कि वह ट्रेन से स्कूल व कोचिंग जाते थे, तो एक हाथ से सीट पकड़कर खड़े होते तो, दो दूसरे हाथ में नोट पकड़कर उसे पढ़ते थे।



सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत करतीं पायनियर मांटेसरी लखपेड़ाबाग की छात्राएं।

## इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में असीमित सम्भावनाएं

हिंदुस्तान प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए बाराबंकी आए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के आउटरीच मैनेजर अभिषेक शर्मा ने न सिर्फ बच्चों की काउंसलिंग की, बल्कि उन्होंने कॅरियर बनाने के लिए असीमित क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के मैनेजर अभिषेक शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाराबंकी में हिंदुस्तान अखबार के माध्यम से प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है। विद्यार्थियों का करियर काउंसलिंग करते हुए बताया कि इंटरमीडियट के बाद डायलेसिस, टैक्नीशियन, बैचलर और फोरेंसिक साइंस, ब्लड बैंकिंग एंड टैक्नालॉजी, आसीयू टैक्नीशियन, बैचलर ऑफ फिजियाथेरेपी, डिप्लोमा इन फार्मेसी, बैचलर ऑफ फार्मेसी, फार्मेसी बैचलर आफ इंजीनियर डिजायनर, बीटेक, बायोटेक टैक्नालाजी के साथ-साथ फूड टैक्नालाजी जैसे तमाम बिन्दुओं पर उन्होंने टिप्स दिया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इंटेग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराने सहित अन्य कार्यों में सहयोग किया गया। आउटरीच मैनेजर ने बच्चों के तमाम सवालों के जवाब दिए।